GeM लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम

[स्रोत: पी.आई.बी](#)

हाल ही में गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) **के ई-लर्निंग प्रशिक्षण पाठ्यक्रम,** 12 आधिकारिक भाषाओं में उपलब्ध कराए गए हैं।

- वर्ष 2024 में शुरू किया गया **गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (LMS),** सरकार द्वारा शुरू की गई एक अभिनव पहल का परिचायक है।
- **GeM-LMS** ज्ञान का महत्त्वपूर्ण भंडार है जिसे उपयोगकर्त्ता-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ डिज़ाइन किया गया है। यह उपयोगकर्त्ताओं और प्रशिक्षकों के लिये एक व्यापक मंच प्रदान करने के साथ **पंजीकरण, प्रशिक्षण तथा प्रमाणन** जैसी विभिन्न मध्यवर्ती प्रक्रियाओं का समर्थन करता है।
- GeM में **इंटरैक्टिव और उपयोगकर्त्ता के अनुकूल LMS** का विस्तार करके इसमें छह और आधिकारिक भाषाएँ शामिल की गई हैं, जिससे यह शिक्षण प्लेटफॉर्म भारत की कुल बारह आधिकारिक भाषाओं में सुलभ हो गया है।

गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM):

- GeM एक **100% सरकारी स्वामित्व वाला राष्ट्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल** है जो विभिन्न सरकारी विभागों/संगठनों/सार्वजनिक उपक्रमों को **सामान्य उपयोग की आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन खरीद** हेतु सुविधा प्रदान करता है।
- यह पहल भारत सरकार के **वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा वर्ष 2016 में** शुरू की गई थी।
- यह सरकारी उपयोगकर्त्ताओं को सुविधा प्रदान करने तथा संपत्ति का सर्वोत्तम मूल्य प्राप्त करने के लिये **ई-बोली, रिवर्स ई-नीलामी और मांग समुच्चय** जैसे उपकरण प्रदान करता है। **इसका उद्देश्य सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता, दक्षता एवं गतिशीलता को बढ़ाना है।**

और पढ़ें: गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gem-learning-management-system